बोलो जय हनुमान | By Riyaz Hindustani

विद्यावान गुणी अति चातुर
राम काज करे देखो आतुर
मंगल जन्मे मंगल करते, मंगलमई भगवान्
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान

बलशाली बजरंग बली सा जग में और ना दूजा
संकट मोचन राम दूत की मंगल करती पूजा
अंजनी पुत्र निगल गए सूरज ऐसा कौन महान
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान

महावीर जब नाम सुनावे घर खुशहाली आये
करे जो बजरंगी की पूजा मन वांछित फल पाए
मूर्छित को दे देते हनुमत फिर से जीवन दान
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान

सीता मैया के प्यारे श्री राम भगत कहलाये
तीनो लोक नाम से कांपे सारे कष्ट मिटाये
पवन पुत्र अतुतलित बलधाम, रखते सबका ध्यान
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान
बोलो जय हनुमान, जय हो जय हनुमान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-riyaz-hindustani/